卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
卐 उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजाबाः 卐 आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् 卐
卐 मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् 卐 वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये 卐

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 166 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦23 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

द्वितीय नवरात्र

नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे जीवन को नैतिक व चारित्रक बल प्रदान करता है।

बस से कुचलकर पांच श्रद्धालुओं की मौत, सात घायल

बैक करते समय श्रद्धालुओं पर चढ़ी अनियंत्रित बस, हादसे पर सीएम ने जताया शोक

टनकपुर (उद संवाददाता)। पूर्णागिरि मार्ग पर ठुलीगाड़ के पास दर्दनाक हादसे में बस के नीचे कुचलकर पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों का अस्पताल में उपचार है। हादसे के शिकार अधिकांश लोग यूपी के बहराईच जिले के हैं। घटना की सूचना पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया है। घटना तड़के करीब पांच बजे की है। बताया जाता है

कि बस संख्या यूए12/3751 को चालक बैक कर रहा था। इस दौरान बस वहीं पर सो रहे श्रद्धालुओं के उपर चढ़ गई। जिससे चीख पुकार मच गई। आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस व अन्य लोगों ने बस की चपेट में आए श्रद्धालुओं को उप जिला चिकित्सालय टनकपुर पहुंचाया। हादसे में बद्री नारायण पुत्र राम लखन उम्र 43 वर्ष, निवासी सौहराव, बहराईच उ.प्र., माया राम पुत्र बब्बू उम्र 29, निवासी सौहराव, बहराईच उ.प्र., नेत्रावती पुत्री वीर सिंह उम्र 20, निवासी पिण्डा, बिल्सी बदायूं उ.प्र., अमरावती पत्नी मोहन सिंह उम्र 26 निवासी पिण्डा, बिल्सी बदायूं उ.प्र., रामदेई पत्नी तोता राम उम्र 30 निवासी सौहराव बहराईच उ.प्र. की मौत हो गई जबकि 40 वर्षीय कौशल्या देवी पत्नी बद्री निवासी सौहराव बहराईच उ.प्र., 59 वर्षीय कुसुम देवी पत्नी राम सूरत निवासी सौहराव थाना रामगांव, बहराईच उ.प्र., 40 वर्षीय पार्वती (शेष पृष्ठ सात पर)

शुगर मिल में आग से लाखों की क्षति

जसपुर (उद संवाददाता)। नादेही शुगर मिल में आग लगने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर दमकल के तीन वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। जानकारी के मुताबिबक नादेही शुगर मिल इलेक्ट्रिक पैनल टरबाईन मशीन में तड़के अज्ञात कारणों से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्ट्री कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की पलटे और तेज हो गयी। सूचना पर अग्निशमन प्रभारी अधिकारी महेश चन्द्र के नेतृत्व में तीन फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर

कर्मियों द्वारा तत्काल वाटर टेंडर से दो होजपाइप फैलाकर प्लांट में फैल रही आग को बुझाना आरंभ किया। पानी समाप्त होने पर फैक्ट्री में स्थापित फायर हाइड्रेंट से पानी लेकर लगातार आग पर पम्पिग की गयी। टरबाइन मशीन के ऑयल टैंक में लगी आग को फायर यूनिट द्वारा वॉटर मिस्ड फायर एक्सटिंग्युशर व मिनी हाई प्रेशर से फोम बनाकर आग पर लगातार फोम डाला गया और आग को फैलने से रोकते हुए पूर्ण रूप से बुझाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद प्लांट में स्थापित दोनों टरबाइन मशीनों को आग से बचा लिया गया। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। आग बुझाने आयी टीम में एफएस(शेष पृष्ठ सात पर)

जल संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी ने होटल के कमरे में जहर खाकर दी जान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा में तैनात जल संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी ने हल्द्वानी स्थित एक होटल में आत्म हत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिली कि रोडवेज बस स्टेशन के पास तिवाड़ी टूरिस्ट होटल का एक कमरा अंदर से बंद है। कमरे में गेस्ट ठहरा हुआ था। इस पर कोतवाल, एसएसआइ विजय मेहता व मंगलपड़ाव चौकी इंचार्ज जगदीप नेगी मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर देखा तो बेड पर शव पड़ा था। पास में सल्फाश का डिब्बा व एक बैग था। होटल के रिसेप्शन में मृतक का आधार कार्ड जमा था। जिससे शिनाख्त अल्मोड़ा के चिंकुड़ा पटगलिया, महरागांव निवासी 54 वर्षीय राधाकिशन जोशी पुत्र रमेश चंद्र जोशी के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक राधाकिशन अल्मोड़ा जल संस्थान कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार शाम छह बजे राधाकिशन ने किराए पर कमरा लिया था।देर शाम खाना खाया। इसके बाद बाहर नहीं आए।

फ्रैंचाइजी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले चार दबोचे

देहरादून (उद संवाददाता)। एमसी डोनाल्ड और केएफसी कंपनियों की फर्जी वेब साईट बनाकर लोगों को फ्रैन्चाईजी दिलाने के नाम से लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गैंग के 4 सदस्यों को एसटीएफ के साईबर क्राईम पुलिस द्वारा लगातार दबिशें देकर पटना बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एक प्रकरण में प्रशान्त जमदग्नि निवासी आशुतोष नगर ऋषिकेश देहरादून द्वारा मैकडोनल्ड रैस्टोरैन्ट की फ्रैन्चाईजी के लिए आवेदन करना जिसके पश्चात अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता को कॉल कर स्वंय को मैकडौनल्ड का कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर बताकर मौकडोनल्ड कम्पनी द्वारा आवेदन स्वीकार करने की बात कहना जिसके पश्चात अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता

को कॉल कर स्वंय को मैकडोनल्ड का हेड ऑफ वैरिफिकेशन टीम से बताकर कम्पनी में रजिस्ट्रेशन, एनओसी तथा लाईसेन्स फीस आदि के नाम पर धोखाधड़ी से भिन्न-भिन्न लेन देन के माध्यम से 35,40,000/- रुपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी की शिकायत की गयी थी। शिकायत पर थाना साइबर क्राईम पर मामला पंजीकृत किया गया छानबीन करने पर पता चला कि अभियुक्त गण द्वारा गैंग के रूप में कार्य कर फेक वैबसाईट बनाकर फ्रैन्चाईजी देने के नाम पर सम्पूर्ण भारत के भिन्न-भिन्न राज्यो में धोखाधड़ी की जा रही है, जिस सम्बन्ध में अन्य राज्यों से शिकायतों के लिंक भी प्राप्त हुए हैं। गठित टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर, तथा अभियुक्तो द्वारा शिकायतकर्ता से प्राप्त धनराशि की जानकारी प्राप्त की गयी तो प्रकाश में आया कि अभियुक्तो द्वारा शिकायत कर्ता से मैकडोनल्ड की फ्रैन्चाईजी देने के नाम पर वादी मुकदमा से धोखाधडी की गयी। मोबाईल नम्बर व खातों की जानकारी से अभियुक्तगणों का पटना बिहार से सम्बन्ध होना पाया गया जिसमें टीम को सम्बन्धित स्थानों को रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा अथक मेहनत एवं प्रयास से अभियुक्तो द्वारा वादी मुकदमा को जो खाता संख्या व मोबाईल नम्बर दिये थे व धोखाधडी से प्राप्त की गयी धनराशि फर्जी आईडी पर खोले गये बैक(शेष पृष्ठ सात पर)

ग्राम प्रधान रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। गिरधनर नगर की ग्राम प्रधान कविता गुम्बर को विजलेंस टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक गिरधरनगर निवासी कौशल कुमार, जय सैनी, हरिशंकर शर्मा आदि ने

प्रधान पर शौचालय की फाईल पर हस्ताक्षर करने के ऐवज में दो दो हजार रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। साथ ही प्रधान के खिलाफ टोल फ्री नम्बर पर भी शिकायत की गयी थी। शिकायत पर हल्द्वानी से आयी विजिलेंस की टीम ने गुरूवार को ग्राम प्रधान के घर पर औचक छापेमारी की। टीम ने शिकायतकर्ता को सुनियोजित ढंग से प्रधान के पास भेजा था। इस दौरान (शेष पृष्ठ सात पर)

दबंगों ने घर में मचाया तांडव,पथराव और फायरिंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर घुसकर मारपीट करने वालों के खिलाफ पीड़ितों ने जब कोतवाल से शिकायत की तो दबंगों ने फिर पीड़ित के घर पथराव के साथ फायरिंग शुरू कर दी,जिससे लोगों में भगदड़ मच गयी। लोगों द्वारा 112 पर दी गयी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गया। रम्पुरा निवासी विद्या देवी ने बताया विगत रात रम्पुरा वार्ड नंबर 23 में कटोरी मंदिर के पास कुछ लोग गाली गलौज कर रहे थे। बताया गया है कि विरोध करने दो माह पहले ही जेल से छूटकर आया युवक व उसके साथियों ने उसके घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उसकी पुत्री व बेटे को चोट आयी है, आरोपी बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।इस मामले में उन्होंने रम्पुरा चौकी पुलिस में तहरीर देनी चाही लेकिन पुलिस ने तहरीर नहीं ली,बुधवार को इस मामले में उन्होंने कोतवाल से मिलकर पूरी घटना बताकर कार्यवाही की मांग की थी, कोतवाल ने रम्पुरा चौकी इंचार्ज को फोन करके कार्यवाही के निर्देश भी दिए थे, लेकिन पीड़ित के घर पहुंचे से पहले ही आरोपियों ने फिर उसके घर पर पथराव शुरू (शेष पृष्ठ सात पर)

लूट के मामले में चार आरोपी किये गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। बुधवार मुख्य बाजार से गुजर रहे एक व्यक्ति का बैग छीनकर लुटेरे फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल अरुण (शेष पृष्ठ सात पर)

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। आज सुबह दर्दनाक घटना में युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।घटना ग्राम चांदपुर की है। सुबह चार बजे ये हादसा हुआ है। युवक की मौत सुबह रामनगर जा रही ट्रेन से हुई। सूचना मिलने पर प्रतापपुर पुलिस चौकी से पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी करने में जुट गई है।



शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने शहीदी दिवस पर समर्थकों के साथ शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु सहित देश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए महापुरुषों

को नमन करते हुए उनकी प्रेरणाओं को अपने जीवन मे उतारने का आहवान किया। ठुकराल ने कहा कि भारत के महान क्रांतिकारी भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु देश की प्रेरणा के पुंज हैं। उन्होनें कहा कि भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत के वे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर कर गए। उन्होनें कहा कि यह दिवस न केवल देश के प्रति सम्मान और हिंदुस्तानी होने वा गौरव का अनुभव कराता है, बल्कि वीर सपूतों के बलिदान को भीगे मन से श्रृद्धांजलि देता है। वहीं किसान नेता तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि अमर क्रांतिकारियों के बारे में आम मनुष्य की वैचारिक टिप्पणी का कोई अर्थ नहीं है। उनके उज्ज्वल चरित्रों को बस याद किया जा सकता है कि ऐसे मानव भी इस दुनिया में हुए हैं, जिनके आचरण किंवदंति हैं। वहीं समाजसेवी संजय ठुकराल ने कहा शहीद भगतसिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी। इस दौरान राजवीर सिंह, सुखवंत सिंह, राजू गुप्ता, सुनील चूघ, राजू भूसरी, राजेश ग्रोवर, अजय नारायण, सुल्तान सिंह, भुवन गुप्ता, राकेश सिंह, रमेश कोली, हरविंदर सिंह, विपिन राजपूत, गौरव शुक्ला, आशीष श्रीवास्तव, राहुल गुप्ता, महेंद्र आर्य, मोंटी खेड़ा, अक्षत चंदोला, कमल राणा, रजनीश गंगवार, मिलन कुमार, विक्की चौहान, त्रिलोचन सिंह, हरभजन सिंह, सूरज आर्य, मोंटू आर्य, दर्शन आर्या, अखिलेश शर्मा, धर्मवीर राजपूत, एसएन वर्मा, विजय शर्मा, विपिन सैनी, बॉबी टुटेजा, राहुल सरीन, संकेत ठाकुर, सचिन गंगवार, सतनाम सिंह, गोविंद राय, बंटी राजोरिया, राजेश कामरा, हरजीत सिंह, कुलदीप सिंह ,जसबीर सिंह, विक्की मुंजाल, बंटी कोली ,सुदीप सिंह, निर्मल हालदार, रविंद्र धर, अनिल खत्री, शैलेंद्र कोली, दीपक सागर, रंजीत सागर, आदि लोग उपस्थित थे।

जयंती पर राममनोहर लोहिया को सपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डा. राम मनोहर लोहिया की 113 वी जयंती पर आज सपा उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय में लोहिया जी के चित्र पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तद्उपरान्त आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अब्दुल मतीन सिद्दीकघि ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नेतृत्व में जिन लोगों ने देश की आजादी के लिये संघर्ष किया ।उनमें एक मुख्य नाम डा० राममनोहर लोहिया का भी था। श्री सिद्दीकघि ने कहा कि डॉ० राममनोहर लोहिया ने एक भविष्य द्रष्टा के रूप में सामाजिक बदलाव तथा देश -विदेश के भावी राजनैतिक स्वरूप के बारे में जो कुछ भी कहा था।वह सब कुछ सही साबित हुआ। डा० लोहिया में अन्याय और अत्याचार का विरोध करने का साहस बचपन से ही था। साथ-साथ लोगो की समस्यायें जानने के वह रात-रात भर सड़को पर घूम-घूम कर देखते थे कि गरीब लोग क्या खाते हैं। कैसे सड़को पर सौ कर अपना जीवनयापन करते हैं।लोहिया जी ने अपना सारा जीवन नागरिक अधिकारों की रक्षा ,अन्याय,व दमन के विरोध तथा समाज के दबे कुचले और पिछड़े लोगों की बेहतरी के लिये ही लगाया। गाँधी जी के सत्याग्रह को उन्होंने हमेशा अपनाये रखा।उन्होंने कहा लोहिया जी आजादी से पहले व बाद में कुल 18 बार जेल गये और यातनाएँ झेली ।डॉ० राममनोहर लोहिया का ये कथन कि लोग मेरी बात सुनेगें जरूर लेकिन मेरे मरने के बाद और यही कटु सत्य है।दलित ,पिछड़े , शोषितों के चिंतक डॉ० लोहिया को याद रखने का सबसे अच्छा तरीकघ यही हो सकता है हम उनके कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपने अमल में भी शामिल रखें। सिद्दीकी ने कहा स्व. मुलायम सिंह यादव ने भी अपना पूरा जीवन डॉ० राममनोहर लोहिया के ही आदर्शों पर गुजारा और इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि पूरा देश मुलायम सिंह यादव के विचारों का कघयल था। गोष्ठी में मुख्य रूप से जावेद सिद्दीकघि, त्रिलोक कुमार,

अरशद अय्यूब, अलीम अंसारी, इस्लाम मिकरानी, गौरव गुप्ता, वकील अहमद, जावेद मिकरानी, मुन्नु कघ्रैशी, उमैर मतीन, नासिर हुसैन, जमील मिकरानी, अशरफ खां, सतीश कुमार, शकील अंसारी, सईद अखघ्तर, रेहान मलिक सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

सम्मान समारोह में दिव्या नेगी सहित कई लोग हुए सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के बैनर तले मेट्रोपोलिस मॉल में स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी स्मृति उत्तराखंड गौरव सम्मान समारोह एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी प्रदेश

स्तरीय सम्मेलन किया गया। जी 20 देशों के सम्मेलन में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली मुख्य वक्ता दिव्या नेगी ,समारोह में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मी भट्ट को उत्तराखंड राज्य के पुरोधा स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी स्मृति उत्तराखंड रत्न से सम्मानित किया गया। उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित होने वालों में देवभूमि व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर, मंडी समिति अध्यक्ष मुख्यमंत्री सलाहकार कमलेश सेमवाल, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रमन कुमार शाह, शकुंतला गिरीश तड़ीयाल, जानकी गोस्वामी, एसके नैयर, अनिल जोशी, दिनेश चंद्र भट्ट, सूरजपाल, भास्कर पांडे ,अली अहमद, शिव शंकर भाटिया, बसंत धामी, गिरीश चंद पांडे , नरेंद्र सिंह मनवाल, प्रभात मठपाल, अमन खड़ायत, राजेंद्र भट्ट, दीपक रौतेला, नरेश चंद्र भट्ट, नंदन सिंह, बालम सिंह, महेंद्र रावत, करमजीत सिंह चाना, संदीप पांडे, भारत सिंह, प्रेम सिंह परिहार, श्याम सिंह नेगी ,पीपी सिंह परिहार, बीसी तिवारी, श्याम सिंह नेगी प्रियंका ठाकुर ,कंचन मुंजाल, मंजू ,नीलम कांडपाल, शकुंतला, मोहित , जगदीश, गोपाल खत्री, पंकज खर्कवाल, हरमीत बाजवा बलविंदर सिंह, अनमोल अरोरा, नीरज रावत आदि शामिल हैं। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के अध्यक्ष अवतार सिंह बिष्ट ने सभी सम्मानित होने वालों को शुभकामनाएं दी। सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए सम्मानित होने वाले सभी समाजसेवियों को प्रेरित किया।

शिविर में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया

गदरपुर। ग्राम महतोष, उधमसिंह नगर में वन हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन वन हेल्थ सपोर्ट यूनिट (ओएचएसयू), पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार, बुक इंडिया, पशुपालन विभाग (एएचडी), उत्तराखंड स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग उत्तराखंड आईसीऐआर-नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन इक्वाइन (एनआरसीइ, हिसार), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीऐआर) के तहत, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के साथ भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जीबी पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,पंतनगर आदि के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम बिल एंड मेलिंडागेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के वित्तीय सहयोग और कॉउन्डरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के कार्यान्वयन भागीदार के रूप मे भारत सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) द्वारा उत्तराखंड और कर्नाटक में वन हेल्थ प्रोजेक्ट के प्रारंभिक अध्ययन के रूप में ब्रिक किल्न समुदाय को लाभान्वित करने के लिए आयोजित किया गया। शिविर में कुल 150 मनुष्य और 70 घोड़े थे। जमील अहमद, विकास अश्व कल्याण समिति के अध्यक्ष ने वन हेल्थ कैंप का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम के कम्युनिटी फर्स्ट दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालता है और इस कार्यक्रम की सफलता में समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है। पशुपालन विभाग (एएचडी), उत्तराखंड ने पशु स्वास्थ्य जांच, बीमार पशुओं के उपचार, कृमि नासन और आगे की उपचार सेवाओं के लिए पशु चिकित्सालयों को रेफर करने की सुविधा प्रदान की। उन्होंने एनआरसीइ, हिसार की मदद से हीमो प्रोटोजोअन्स और परजीवी अंडो के लिए जानवरों के रक्त और मल परीक्षण भी किए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखंड ने समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।

व्रत व रोजे करते हैं शरीर की ओवरहॉलिंगः नदीम

काशीपुर(उद संवाददाता)। व्रत व रोजे शरीर से टॉक्सिन्स निकाल कर शरीर को शुद्ध करते है तथा खराब हुये टिश्युओं को पुनः जीवित करने व अंगों के सुचारू संचालन में योगदान करते हैं। इससे शरीर की ओवरहॉलिंग हो जाती है। 2016 में इससे संबंधित ऑटोफैगी विषय पर रिसर्च के लिये जापानी वैज्ञानिक योशिनोरी ओशुमी को मेडिकल साइंस का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। इन्होंने अपनी रिसर्च से प्रमाणित किया है कि लम्बी फास्टिंग से हमारा शरीर स्वयं खराब सैल खाकर अपनी उर्जा जरूरतें पूरी कर लेता है जिसके कारण एजिंग की प्रक्रिया मंद पड़ जाती है तथा कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों पर नियंत्रण में मदद मिलती है और पेड़ों के समान शरीर भी फिर से हरा भरा व स्वस्थ हो जाता है। यह जानकारी प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था मौलाना अबुल कलाम आजाद अल्पसंख्यक कल्याण समिति (माकाक्स) के केन्द्रीय अध्यक्ष तथा 44 कानूनी व जागरूकता पुस्तकों के लेखक नदीम उद्दीन एडवोकेट द्वारा लिखित पुस्तक सेहत व खुशहाली के लिये नमाज, रोजा व जकात का 2023 संस्करण आम जनता के लिये जारी करते हुये दी। सभी मुसलमानों के लिये अनिवार्य नमाज व रोजा व खाता-पीतों पर अनिवार्य जकात के सांसारिक फायदों की जानकारी आसान हिन्दी में देने वाली नदीम उद्दीन (एडवोकेट) द्वारा लिखित पुस्तक का नया संस्करण 2023 आम जनता को निःशुल्क डिजिटल उपलब्ध कराया जा रहा है जो मोबाइल, टैब या कम्प्यूटर पर पड़ी जा सकता है। यह पुस्तक युग निर्माता तथा फेसबुक की वेबसाइट पर निः शुल्क उपलब्ध है तथा 9411547747 पर व्हाट्स एप्प के माध्यम से भी उपलब्ध करायी जा रही है। इसे टैब, मोबाइल तथा कम्प्यूटर पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। श्री नदीम ने बताया कि मुसलमानों ने 1400 साल से अधिक समय से योग अपना रखा है प्रत्येक मुसलमान के लिये पांच समय नमाज पढ़ना जरूरी है उसमें मुसलमान प्रतिदिन 23 बार वज्रासन करते है। रमजान में तराबीह पढ़ने पर यह 10 बार और अधिक हो जाता है। इसके अतिरिक्त नमाज में मुसलमानों द्वारा भूनमन, वज्रासन, दक्षासान, हस्तपदासन तथा सूर्य नमरस्कार सहित विभिन्न योगासनों की स्थितियां की जाती है। नमाज के बाद तसबीह में अंगूठे से अंगुलियों को मिलाकर ध्यान मुद्रा, पृथ्वी मुद्रा, वरूण मुद्रा तथा आकाश मुद्रा सहित विभिन्न योग मुद्रायें भी स्वतः हो जाती है। इसलिये कोरोना काल में भी नमाज इम्युनिटी बढ़ाने में बहुत उपयोगी रही है। वर्तमान काल में जब दुनिया बढ़ती गरीबी से जूझ रही है, इसमें जकात जिसमें प्रत्येक खाता-पीता व्यक्ति अपनी कुल सम्पत्ति का चालीसवां भाग गरीबों पर खर्च करता है, संसार से गरीबी की समस्या से निबटने के लिये वरदान का काम कर सकती है। श्री नदीम ने रोजा, नमाज व जकात के सांसारिक लाभों को जानने में रूचि रखने वाले लोगों से पुस्तक पढ़कर अपने विचार देने का अनुरोध किया है ताकि अगले संस्करणों में और सुधार किया जा सके।

जर्जर सड़कों के बहुरेंगे दिन

भाजपा ने दीपक बाली ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

काशीपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता दीपक बाली ने क्षेत्र की जिन 2 सडकों की बेहद जर्जर हो चुकी हालत से जनता को हो रही भारी परेशानी के चलते मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर इन्हें तत्काल बनाएं जाने का जो अनुरोध किया था उस अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन दोनों सड़कों को बनाए जाने की घोषणा कर दी है। अब शीघ्र ही इन सड़कों के टेंडर आदि की प्रक्रिया पूर्ण होने पर काम शुरू हो जाएगा और जनता को हो रही परेशानी से निजात मिल जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर सचिव हीरा सिंह बसेडा ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को इस संबंध में पत्र भेजकर कहा है कि इन सड़कों के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री की घोषणा के सापेक्ष तत्काल आगामी कार्यवाही करते हुए प्रशासकीय स्वीकृति का शासनादेश जारी कर मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाए ताकि माननीय मुख्यमंत्री जी को उनकी की गई घोषणा के संबंध में हुई कार्यवाही से अवगत कराया जा सके। वही मुख्यमंत्री द्वारा जनहित के प्रति दिखाई गई गहरी संवेदनशीलता के तहत की गई सड़कों के निर्माण की घोषणा पर भाजपा नेता दीपक बाली ने मुख्यमंत्री श्री धामी का क्षेत्र की जनता की और से गहरा आभार व्यक्त किया है। श्री बाली

ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 1 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया है और कहां है कि नकल विरोधी कानून सहित धामी सरकार ने प्रदेश हित में जो निर्णय लिए हैं उनके चलते आज उत्तराखंड विकास के मार्ग पर दौड़ रहा है। धर्म रक्षक धामी की सरकार जनता की आकांक्षाओं की कसौटी पर पूरी तरह खरी उतर रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता दीपक बाली ने बीती 5 मार्च को देहरादून जाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके कैंप कार्यालय में मुलाकात कर उक्त दोनों सड़कों जिनमे रामनगर रोड से एनएच 74 तक जाने वाले बाईपास के रूप में प्रयोग होने वाले मार्ग पर केला मोड़ से आई आई एम तक करीब 2 किलोमीटर तक की सड़क और महुआखेड़ा गंज से ग्राम वीरपुर तक की लगभग 3 किलोमीटर सडक के बहुत बुरे हाल मे होने की बात बताई थी और जनता को हो रही भारी परेशानियों के मद्देनजर इन दोनों सड़कों को तत्काल बनाए जाने का अनुरोध करते हुए ज्ञापन दिया था । मुख्यमंत्री श्री धामी ने भाजपा नेता दीपक बाली के अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए 20 मार्च को उक्त दोनों सड़कों को बनाने की घोषणा कर दी है जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय के घोषणा अनुभाग 4 से अपर सचिव हीरा सिंह बसेडा ने घोषणा संख्या 147 व 148/2023 के संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को 21 मार्च को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री की ओर से सड़कें बनाने हेतु निर्देशित कर दिया है।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

कांग्रेस के कारण व्यापारियों को उजाड़ने की नौबत आयी: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के रुद्रपुर में व्यापारियों के समर्थन में किये गये धरने को रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने नोटंकी बताया है। विधायक शिव अरोरा ने जारी बयान में कहा कि व्यापारी हमारे भाई है और हमारे बीच के है उनकी रोजी रोटी पर राजनीति करना शोभा नही देता। विधायक ने कहा यह वही कांग्रेस है जिनके कारण आज व्यापिरियो के उजड़ने की नोबत आयी । उस समय के तत्कालीन कांग्रेस के रुद्रपुर विधायक द्वारा उस समय केंद्र की तत्कालीन सरकार द्वारा पास रिंग रोड के प्रस्ताव को कैंसिल करने हेतु लिखित चिट्ठी उस समय के मौजूदा कांग्रेस सांसद के माध्यम से केंद्र सरकार को दी जिसमे सांसद की भी लिखित सहमति शामिल थी और उस समय केंद्र सरकार में मंत्री हरीश रावत ने इस बाईपास को कैंसिल करवाया था जिसके स्थान पर मिट्टी भरान वाला बॉक्स वाला फ्लाईओवर जो शहर के बीचों बीच छाती चीरते हुए रूद्रपुर को दो हिस्सों में बटाने वाला था। लेकिन केन्द्र में भाजपा सरकार आयी और हमारे उस समय के सांसद भाजपा के भगत सिंह कोश्यारी के माध्यम से हमने फ्लाईओवर को पीलर पर ओर 2019 में सांसद अजय भट्ट के माध्यम से यह प्रस्ताव को पुनः रिंग रोड में पास कराने का कार्य भाजपा द्वारा किया गया। विधायक शिव अरोरा बोले यह कांग्रेस के दोहरे चरित्र को दर्शाता है, यह धरना प्रदर्शन सिर्फ झूठी वाहवाही लूटने जैसे है। विधायक ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को खुली चुनोती दी वह खंडन करे कि उस समय के पास बाईपास को कैंसिल करवाने में कांग्रेस और उनके उस समय जनप्रतिनिधि शामिल थे। जिसकी वजा से व्यापिरियो को अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ा उनको आजीविका चलने पर संकट खड़ा हो गया।

स्वयं सेवकों ने किया पथ संचालन

गदरपुर(उद संवाददाता)। हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने नगर में विजय शक्ति पथ संचलन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सह प्रान्त बौद्धिक प्रमुख राजेश जोशी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के देश में चल रहे कार्यों तथा संगठन की नीतियों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। पथ संचलन दिनेशपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, गूलरभोज रोड, अनाज मंडी से होते हुए वापस रिसोर्ट पर समापन हुआ।

इस मौके पर नगर संघ संचालक राम प्रसाद ध्यानी, सह संचालक गोकुल खेड़ा, नगर कार्यक्रम प्रमुख राजकुमार सुखीजा, जिला सम्पर्क प्रमुख दीपक सुधा, जिला शारीरिक प्रमुख इन्द्रजीत मंडल, सह जिला कार्यवाह बरीत सिंह, जिला बौद्धिक प्रमुख प्रकाश डिटिया, जिला व्यवस्था प्रमुख राजकुमार, जिला सेवा प्रमुख दीपक पाठक, खंड कार्यवाह ऋषिकेश,धीरज पंत ,नगर बौद्धिक प्रमुख, विनोद चुघ, नगर प्रमुख प्रियांशु, नगर व्यवस्था प्रमुख, गुंजन अरोरा, नगर प्रचार प्रमुख सुमित गाबा के अलावा स्वयं सेवकों में विधायक अरविन्द पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अभिषेक गुम्बर, राकेश भुड्डी, पंकज सेतिया, सुभाष गुंबर कपिल गंडा अभिषेक गुंबर मुनि भु सरी सहित काफी संख्या में शामिल हुए।

जगदीश कलर लैब टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान (रजिस्ट्रीशुदा) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार: पपनेजा

किच्छा (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव उपेंद्र कुमार उर्फ पपनेजा ने बेमौसमी बरसात के कारण किसानों की फसल के हुए नुकसान की भरपाई के लिए 10000 प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग राज्य सरकार से की है। पपनेजा ने कहा कि बेमौसमी बरसात ने किसानों की खेतों में पक कर तैयार खड़ी गेहूं की फसल को तहस-नहस कर दिया है जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है व किसान की कमर टूट गई है।बेमौसमी बरसात के कारण हुए फसल के नुकसान ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें डाल दी है व किसान के सामने अपने बैंकों के कर्ज को चुकाने व अन्य कारों को पूरा करने का संकट खड़ा हो गया है।पपनेजा राज्य सरकार से तत्काल दस प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है जिससे किसान बदहाली पर रास्ते पर जाने से बच सकें।

राष्ट्रीय स्वयसेवकों ने सितारगंज में निकाला पथ संचलन

सितारगंज(उद संवाददाता)। नव वर्ष और प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बुधवार को शहर में पथ संचलन निकाला। जगह-जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के परिसर में स्वयंसेवक एकत्र हुए। यहां से पथ संचलन शुरू किया। जो किच्छा रोड, खटीमा रोड होते हुए विद्या मंदिर में सम्पन्न हुआ। पथ संचलन में स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखकर पथ संचलन देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहे। इस बीच स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा के साथ लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत सद्भाव प्रमुख कैलाश थपलियाल ने कहा कि भारत को हजार वर्षों के संघर्ष के बाद स्वाधीनता मिली है। इस स्वतंत्रता का उद्देश्य चिर-पुरातन राष्ट्र को पुनः वैभवशाली बनाना है। पूरे भारतवर्ष को एक समाज के रूप में प्रतिष्ठित करना संघ की सोच है। संघ इसी के लिए नित्य साधना कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज, राष्ट्र और जन समूह को अपना इतिहास ठीक प्रकार से समझना चाहिए। जो समाज या राष्ट्र अपने इतिहास की गलतियों से सीख नहीं लेता, उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इतिहास की गलतियां दोबारा न हों, इसके लिए संघ की स्थापना की थी। अध्यक्षता शीतल सिंघल ने की। पथ संचलन में जिला प्रचारक जितेंद्र, नगर प्रचारक चंद्रशेखर, नगर कार्यवाह मुकेश श्रीवास्तव, सह नगर संघचालक सुरेश जोशी, जिला बौद्धिक प्रमुख संतोष मिश्रा, हुकुम चंद्र मोरिजावाला, कमल कुमार जिंदल, महेश मित्तल, राजकुमार, अनिल गर्ग, अनिल मित्तल, राजेंद्र मित्तल, नवीन गोयल, विनय गुप्ता, अजय क्वीरा, कुलदीप गंगवार समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

ग्रामीणों ने वृक्ष मित्र के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मंडलसेरा में जल संरक्षण हेतु स्वछता अभियान चलाया गया, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों और छात्रों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण में वृक्षारोपण,भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने ,पर्यावरण संरक्षण में हरे भरे पौधों की भूमिका,और विषाक्त गैसों को संचित कर पर्यावरण को जीवन दायिनीऑक्सीजन गैस मिलने के बारे में विस्तृत जानकारी वृक्ष मित्र मलड़ा द्वारा दी गई। स्थानीय बच्चों के साथ देवकी लघु वाटिका से पौध भेंट कर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दीगई।

वही छात्रों को हर व्यक्ति एक पौध नाम से वृक्षारोपण करने की अपील की गई,मालूम हो कि वृक्ष मित्र मलड़ा अब तक लाखों पेड़ लगा चुके है, लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजन को प्रोत्साहित भी करते है, उनके द्वारा कई विलुप्त प्रजाति के पौधों का संरक्षण किया गया है, इस दौरान अभियान में मनीषा, अनुष्का आर्या,टीनामलड़ा,नेहा,सिखा,अंशु,तनमय,सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

शहादत दिवस पर शहीदों को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें याद करते हुए रामनगर व्यापार मंडल सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह के विचारों पर चलते हुए देश में आमूल चूल परिवर्तन की लड़ाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए ट्रेड यूनियन ऐक्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि भेदभाव रहित, समानता पर आधारित समाज का भगत सिंह का सपना पूरा करना आज और भी जरूरी हो गया है।आइसा के रामनगर अध्यक्ष सुमित ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों ने शिक्षा और रोजगार को अपनी जिम्मेदारी मानने से इंकार कर दिया है। नयी शिक्षा नीति पूरी तरह से शिक्षा को बड़े कॉरपोरट के हवाले करने की नीति के रूप में बनायी गयी है और रोजगार या को संविदा, ठेके से होते हुए फिक्स टर्म एम्पलॉयमेंट और काम के बारह घंटे की ओर धकेला जा रहा है जो कि देश के नौजवानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों की भर्ती में लगातार घोटाले हो रहे हैं। युवा बेरोजगारों द्वारा सरकारी नौकरियों में घोटालों और यूकेएसएससी में राजनीतिक संरक्षण में हुई धांधलेबाजी की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की जाती है तो उन पर बर्बर लाठीचार्ज किया जाता है। यह इस सरकार की छात्र युवाओं के प्रति नकारात्मक सोच को उजागर कर देता है। शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के शहादत दिवस से लेकर 14 अप्रैल डा. अंबेडकर जयंती तक आइसा का राष्ट्रीय अभियान सांप्रदायिक नफरत नहीं, शिक्षा रोजगार की गारंटी करो रामनगर में भी चलाने की घोषणा की गई। इस दौरान मो.रिहान सिद्दीकी, हेमा जोशी, नीरज सिंह फर्त्याल, कंचन आर्या, संजय कुमार, अमन कुमार, रेखा आर्या आदि शामिल थे।

स्टेजिंग एरिया पुस्तक का हुआ विमोचन

रामनगर(उद संवाददाता)। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्टेजिंग एरिया पुस्तक का विमोचन किया गया।हिन्दी विभाग प्रभारी प्रो.जी.सी.पन्त ने समस्त अतिथियों का स्वागत कर आभार प्रकट किया। पुस्तक लोकार्पण एवं संवाद कार्यक्रम में अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. एम.सी.पाण्डे,संरक्षक विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट,मुख्य अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह रावत मैती,विशिष्ट अतिथि रियर एडमिरल सेवानिवृत्त ओमप्रकाश सिंह राणा,प्रो.अधीर कुमार, डॉ.विनोद कुमार, डॉ.रणवीर सिंह,डॉ.प्रशान्त कौशिक,तरूण बंसल व प्रो.जी.सी.पन्त ने मितेश्वर आनन्द द्वारा रचित पुस्तक स्टेजिंग एरिया का विमोचन कर लोकार्पण किया।मितेश्वर आनन्द ने कोरोना काल पर आधारित पुस्तक में स्टेजिंग एरिया के अनुभवों एवं जनमानस की उस समय की मनोदशा को इस पुस्तक में उकेरा है।इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय नागरिकों सहित उनके परिजनों ने मितेश्वर आनन्द को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।बता दें कि कोरोना काल में रामनगर महाविद्यालय को स्टेजिंग एरिया बनाया गया था जिसमें राज्य कर अधिकारी रामनगर मितेश्वर आनन्द को स्टेजिंग एरिया का मजिस्ट्रेट बनाया गया था।उन्होंने उस कोविड ड्यूटी के अनुभवों को इस पुस्तक में साझा किया है। कार्यक्रम में पुरातन छात्र परिषद अध्यक्ष गणेश रावत, समाजसेवी कविता बिष्ट, अतुल मेहरोत्रा, सलिल गुप्ता,प्रो.बी.एम. पाण्डे, डॉ.डी.एन.जोशी, डॉ.प्रकाश बिष्ट,डॉ.आलोक कण्डारी, डॉ.दुर्गा तिवारी व मुरलीधर कापड़ी आदि उपस्थित थे।

उत्तराखण्ड शासन | G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

1 एक साल नई मिसाल

"21 वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनो ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रदेश की मातृ शक्ति के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- लखपति दीदी योजना में वर्ष 2025 तक प्रदेश की 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने की पहल।
- राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का निर्णय।
- चारधाम और कांवड़ यात्रा में कुशल प्रबंधन से रिकॉर्ड संख्या में आए श्रद्धालु।
- केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम की तर्ज पर मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं के पौराणिक और प्राचीन मंदिर क्षेत्रो में अवस्थापनात्मक विकास।
- वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला दो उत्पाद योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन, मंडुआ की न्यूनतम समर्थन कीमत 3574 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में उत्तराखण्ड अग्रणी राज्य। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों के लिए मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना।
- टेली मेडिसिन के लिए 400 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 04 मेडिकल कॉलेज से जोड़ा गया।
- 06 एरोमा वैली विकसित करने की योजना। 50 हजार पॉलीहाउस से बदलेगी उद्यानिकी की तस्वीर।

मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी

केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के साथ ही टनकपुर-पिथौरागढ़ की सड़क कनेक्टिविटी में सुधार के लिये चारधाम ऑलवेदर सड़क परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।

दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड़, नजीबाबाद-अफजलगढ़ बाईपास के साथ ही सितारगंज से टनकपुर मोटरमार्ग को चार लेन में परिवर्तित करने की स्वीकृति।

केन्द्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।

इसके लिए बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान।

- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरू प्रारंभ करने का निर्णय।
- नई खेल नीति से प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, खेल अवस्थापनात्मक सुविधाओं का विकास।
- उद्योगों को बढावा देने के लिए उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक नीति, प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट पॉलिसी।
- मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में सब्सिडी बढ़ाकर 40 प्रतिशत की।
- नई पर्यटन नीति में स्वरोजगार को बढ़ावा, 100 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।

गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया। पर्वतमाला परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।

उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा 1202 मोबाईल टावर की स्वीकृति।

भर्ती माफिया पर कड़ा प्रहार, देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून।

जबरन और प्रलोभन से धर्मांतरण पर रोक के लिए सख्त कानून।

समान नागरिक संहिता के लिए मजबूती से बड़े कदम।

अंत्योदय परिवारों को साल में तीन गैस रिफिल निःशुल्क।



"माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा। उनके इस वाक्य ने उत्तराखण्डवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। केन्द्र सरकार से राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और जनसंतुष्टि के मूलमंत्र पर चलते हुए अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास, कल्याण और उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम वर्ष 2025 तक देवभूमि को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

वन्यजीवों के हमले

देश के अलग-अलग राज्यों के वन क्षेत्रों और उसके आसपास बसी इंसानी बस्तियों से तेंदुए या बाघ के हमले में लोगों के मारे जाने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। आम लोगों के सामने अपने स्तर पर बचाव के उपाय करने से लेकर सरकार से सुरक्षात्मक और वैकल्पिक इंतजाम करने की फरियाद करने के अलावा और कोई चारा नहीं होता है। दूसरी ओर, वन्यजीवों के संरक्षण से जुड़े कई प्रश्न भी बेहद अहम हैं, जिनके चलते कई बार इस समस्या का कोई ठोस हल निकालना मुश्किल होता है। लेकिन बाघ या तेंदुए के इंसानी बस्तियों में आ जाने या उनके हमले की वजह से होने वाली मौतें लगातार चिंता का विषय बनती गई हैं। जाहिर है, वन्यजीवों और मनुष्य के बीच जीवन की स्थितियों में बदलाव और टकराव के चलते अब ऐसे हालात पैदा होने लगे हैं कि नाहक जान जाने की घटनाओं की निरंतरता बढ़ने लगी है। दरअसल वक्त के साथ बढ़ती आबादी या अन्य वजहों से जंगल के आसपास के गांवों में रिहाइशी इलाकों का विस्तार हुआ है। इससे वन क्षेत्रों का दायरा कम होता गया है और जंगली पशुओं के प्राकृतिक पर्यावास के क्षेत्र सिमटते गए हैं। इसका सीधा असर वन्यजीवों के जीवन पर पड़ता है और उसमें बाघ या तेंदुए जैसे पशुओं के लिए भोजन से लेकर अधिवास तक के मामले में असहज स्थितियां पैदा होती हैं। इसके अलावा, वनों में अवैध शिकार करने वालों की वजह से भी संरक्षित पशुओं के सामने संकट खड़ा होता है। पारिस्थितिकी और जैव विविधता की कसौटियों और अनिवार्यताओं को समझने वाले तमाम लोग यह जानते हैं कि एक ओर जहां मनुष्य का जीवन अनमोल है, वहीं पशुओं और खासतौर पर कुछ विलुप्तप्राय जीवों का संरक्षण प्राकृतिक संतुलन के लिए कितना जरूरी है। लेकिन इस मामले में सरकार से लेकर आम लोगों तक की लापरवाही के अलावा अवैध रूप से जानवरों का शिकार करने वाले गिरोहों की ओर से जंगल और उसके आसपास के इलाकों में ऐसे दबाव पैदा हो रहे हैं कि उसमें रहने वाले कई पशुओं के भीतर असुरक्षा की स्थिति में आक्रामक प्रवृत्ति में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि वन्यजीव खुद ही अपने लिए सहज और प्राकृतिक पर्यावास की ओर रुख करते हैं। लेकिन इस क्रम में उनका सामना इंसानी आबादी से होता है। बचाव की कोशिश में हुए संघर्ष की वजह से नाहक ही जान जाने के हालात पैदा होते हैं। कभी जंगली इलाकों का दायरा बड़ा था और इंसानी बस्तियों की भी सीमा थ। तब मनुष्य और पशु, दोनों को अपनी जीवन स्थितियों में एक दूसरे से बहुत बाधा नहीं आती थी। लेकिन बढ़ती आबादी के साथ कृषि भूमि का विस्तार, शहरीकरण और औद्योगीकरण में वृद्धि के मकसद से जंगलों की कटाई की वजह से वनक्षेत्र सिकुड़ते गए। इसकी वजह से बाघ, तेंदुआ और हाथी जैसे कुछ पशुओं के अक्सर इंसानी बस्तियों की ओर चले जाने और मनुष्यों पर हमले की घटनाएं बढ़ीं। जरूरत यह है कि जंगल क्षेत्रों के आसपास रहने वाली इंसानी आबादी को वन्यजीवों की प्रकृति और पारिस्थितिकी संतुलन में उनकी अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया जाए और साथ ही इंसानों के जीवन के लिहाज से खतरनाक पशुओं के लिए सुरक्षित अभयारण्यों को और बेहतर बनाया जाए।

वभिन्न जनपदों में 824 अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में नियुक्ति किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में नारी शक्ति उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में 187 एएनएम को नियुक्ति पत्र दिए। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 824 चयनित अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने चयनित सभी एएनएम को बधाई देते हुए कहा कि हमारी इन बहनों को जन सेवा करने का भगवान ने सुनहरा अवसर दिया है, जन सेवा करने से इनको जो संतुष्टि मिलेगी एवं लोगों का जो आशीर्वाद मिलेगा उससे इनका जीवन पूर्णत: सफल होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सुदूर गांवों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए इन महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं व शिशुओं की भी देखभाल करने की इन पर जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मातृ शक्ति को आत्मनिर्भर और

सशक्त बनाने के साथ ही उनके जीवन में कल्याणकारी परिवर्तन लाने और उनके भविष्य को उत्कृष्ट बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। राज्य में महिलाओं को 30 प्रतिक्षत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। आज हमारी बहन-बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, श्री गणेश जोशी और श्री चंदन राम दास ने भी विचार रखे। इस अवसर पर कुलपति हे.न.ब. चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रो. हेमचंद्र पाण्डे, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह, प्राचार्य दून मेडिकल कॉलेज डॉ. आशुतोष सयाना उपस्थित रहे।

शहादत दिवस पर याद किए गए भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव

रामनगर(उद संवाददाता)। शहादत दिवस पर देश की आजादी के क्रांतिकारी शहीदों भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव के माध्यम से याद किया। एम पी इंटर कालेज,पी एन जी पी जी महाविद्यालय एवमी ज्योतिबा फुले सांयकालीन स्कूल में कार्यक्रम हुए। एम पी इंटर कालेज में हुए कार्यक्रमों में जूनियर कक्षा के बच्चों ने भगतसिंह व उनके साथियों के चित्र बनाए,उनके लिखे पत्रों व लेखों का वाचन किया,आजादी के दौर के अनेकानेक तराने गाते हुए परिसर को इंकलाब जिंदाबाद के नारों से गुंज्यायमान किया।पी एन जी पी जी महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से कार्यक्रम

आयोजित किया गया। शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।अपने वक्तव्य में प्रधानाचार्य प्रो एम सी पांडे ने कहा भगतसिंह न सिर्फ वीर्य,साहस,देशभक्ति और आत्मबलिदान के सर्वोत्तम उदाहरण हैं वरन वे अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्टता ,वैज्ञानिक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सामाजिक समस्याओं के विश्लेषण की क्षमता वाले क्रांतिकारी भी हैं।चीफ प्रॉक्टर प्रो गिरीश चंद पंत ने कहा भगतसिंह ने जीवन के कुल 23 वर्ष ही पूरे किए।इनमें दो बर्ष जेल के भीतर।अपने जीवन के चार सक्रिय सालों में उन्होंने बिजली की गति से क्रांतिकारी काम किया।रचनात्मक शिक्षक मंडल के संयोजक नवेंदु मठपाल ने कहा भगतसिंह हमें निस्वार्थ दृढ़ इरादे के साथ साथ विचारधारात्मक समझदारी व तर्कशील वैज्ञानिक दृष्टि से इतिहास की और आसपास की और भविष्य की समस्याओं के विश्लेषण का तरीका भी सिखाते हैं। पंजाब के क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह पाश को भी उनकी कविताओं के साथ याद किया गया।गौहर रजा निर्देशित फिल्म इंकलाब भी दिखाई गई।संचालन डा डी एन जोशी ने किया।

एक साल नई मिसाल: जनसेवा के लिये सरकार समर्पित

एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दिया संदेश

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के सबसे युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हाने पर कहा है कि राज्य के चहुमुखी विकास और जनसेवा के संकल्प को साकार करने के लिये प्रदेश सरकार 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश आगे बढ़ रहा है। देश का लोहा पूरे विश्व ने माना है। यही कारण है कि भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिली है। उत्तराखंड को जी 20 की तीन बैठकें आयोजित करने का जिम्मा मिला है। सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर रहा जब एक ही पार्टी की सरकार को जनता ने दोबारा अपना आशीर्वाद दिया है। वह सभी को विश्वास दिलाते हैं कि जनता ने जो अपेक्षाएं उनसे की हैं, वह उन पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सीएम धामी ने कहा कि एक साल में नई मिसाल कायम की है। उत्तराखंड की सांस्कृतिक और धार्मिक संस्कृति का उत्थान और सीमांत क्षेत्रो में मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के लिये सरकार ने सराहनीय पहल की है। स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओ को धरातल पर उतारा जा रहा है जिससे स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग से आर्थिक विकास को गति मिल रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृणा करने के लिये आधूनिक सुविधाओं से लैस कर जनशिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। प्रदेश में जनशिकायतों के निवारण और भ्रष्ट्राचार को रोकने के लिये डिजिटल ऐप व हेल्पलाईन नंबर जारी करने के साथ ही नौकरशाही और मंत्रीमंडल के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है और विकास कार्यों के निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रभाव को रोकने के लिये निरंतर अभियान चलाये जा रहे हैं। सड़कों को गडढ़ामुक्त करने के लिये कार्ययोजना के साथ जिम्मेदारी और समयसीमा निर्धारित की गई है। प्रदेश में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था फिर से शुरू की गई है। स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शुरुआत करने में उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को नई नीति लाई गई है। उद्योगों की स्थापना को निजी क्षेत्रों में औद्योगिक संस्थान स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में निशुल्क जांच योजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत मरीजों की 207 प्रकार की पैथोलॉजी जांच निशुल्क की जा रही

है। सरकार अंत्योदय की भावना के अनुरूप अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने को संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए। कुशल प्रबंधन से कांवड़ यात्रा भी निर्विघ्न संपन्न हुई। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में आगे बढ़ते हुए केदारनाथ व बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर कुमाऊं के पौराणिक व प्राचीन मंदिरों के विकास के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन पर काम किया जा रहा है।महिला सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत 2025 तक महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण के दिशा में सरकार प्रभावी पहल कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का निर्णय लिया गया है। जोशीमठ प्रकरण पर सरकार विस्थापितों के साथ खड़ी है। मुआवजा वितरण किया जा रहा है। इसके लिए बजट में एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उत्तराखंड में बेरोजगार युवाओं के साथ भविष्य में भर्ती परीक्षाओं में खिलवाड़ न हो, इसके लिए सरकार सख्त नकलरोधी कानून लेकर आई है। इसे देश का सबसे कड़ा नकलरोधी कानून बताया जा रहा है। इसमें 10 करोड़ तक का जुर्माना व उम्र कैद की की सजा के साथ ही कई प्रविधान किए गए हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि राज्य निर्माण में यहां की मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य गठन के बाद भी मातृशक्ति राज्य के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है। विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र में तो महिलाओं को वहां के विकास की रीढ़ कहा जाता है। इस सबको देखते हुए धामी सरकार ने राज्याधीन सेवाओं में यहां की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को फिर लागू किया है। अब इसे कानूनी दायरे में लाया गया है। भाजपा सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस की नीति अपनाई है। मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर 1064 एप लांच किया गया है। इसके माध्यम से आई शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। अब तक आय से अधिक संपत्ति, वित्तीय अनियमितता समेत अन्य गड़बड़ी की शिकायतों पर चार नौकरशाह निलंबित किए गए, जबकि आठ जेल में हैं। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को भी धामी सरकार ने फिर से लागू किया है। इसे लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसे सरकार ने सहर्ष स्वीकारा है। केदारनाथ व बदरीनाथ की तर्ज पर मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं के पौराणिक व प्राचीन मंदिरों का विकास। गढ़वाल मंडल मुख्यालय पौड़ी को उसके अतीत के अनुरूप विकसित करने के साथ ही वहां मंडलीय अधिकारियों के नियमित बैठने की व्यवस्था। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को पांच साल में दोगुना करने के मद्देनजर वैश्विक एजेंसी की मदद। प्राथमिक क्षेत्र में कृषि व औद्यानिकी के लिए ठीकठाक बजट का प्रविधान। मिशन मायापुरी के तहत हरिद्वार को योग की अंतरराष्ट्रीय राजधानी व आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को बुनियादी ढांचे का निर्माण। वृद्धावस्था, निराश्रित विधवा व दिव्यांग पेंशन में बढ़ोत्तरी, पति-पत्नी दोनों को पेंशन का लाभ देने का निर्णय। कमजोर वर्ग के परिवारों को एक साल में तीन रसोई गैस सिलिंडर मुफत देने की व्यवस्था। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष कोष गठित करने का निर्णय शामिल हैं।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

विधायक शिव अरोरा ने गिनाई एक साल की उपलब्धियां

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपनी एक साल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा हाल ही सम्पन्न हुए बजट सत्र के दौरान अनेको विषयों को सदन के माध्यम से उठाया जिसमे एक प्रमुख विषय लवजेहाद लेंड जेहाद ओर उत्तराखंड में हो रहे जनसंख्या असंतुलन पर अपनी चिंता जाहिर की। विधायक शिव अरोरा ने कहा देवभूमि उत्तराखंड की तरफ पूरे विश्व की आस्था और विश्वास बसती है बाबा बद्री केदार की यह पवित्र भूमि के के हर कण में ईश्वरीय अनुभूति होती है , मगर पिछले कई वर्षों से जेहादी तत्वों की उत्तराखंड में बढ़ती संख्या राज्य को जनसंख्या असंतुलन की ओर धकेल रही है आपको बता दे अन्य पहाड़ी राज्य हिमांचल में इनकी दर 1.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी जो काफी सालों से स्थिर है वही देवभूमि उत्तराखंड की बात करे तो यहां पर 11 प्रतिशत से बढ़कर 17 प्रतिशत हो गया है वही मैदानी जिलों की बात करते तो उध म सिंह नगर , हरिद्वार एव देहरादून में एक एजेंट के तहत इनकी तेजी से बढ़ती जनसख्या दर की बात करे तो इन तीन जिलों में 30 से 35 प्रतिशत तक यह आंकड़ा पहुंच गया है जो देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति और पवित्रता के लिये खतरा बनता जा रहा है। विधायक शिव अरोरा ने कहा अगर बात करे रुद्रपुर विधानसभा की जो जिला मुख्यालय भी है और सीमांत विधानसभा होने के चलते रामपुर मुरादाबाद जैसे सवेंदनशील क्षेत्र इससे लगते हुए हैं उन्होंने कहा गत कई वर्षों से सुनियोजित योजनाबद्ध एक एजेंडे के तहत सरकारी गैर सरकारी भूमि पर ऐसे असमाजिक तत्वों द्वारा निरन्तर कब्जा करना देवभूमि की आध्यत्मिक संस्कृति को क्षति पहुंचाने एव जिहादी मनोवर्ती के आठ हमारी देवभूमि की संस्कृति पर आक्रमण कर जनसख्या असंतुलन उत्पन्न किया जा रहा है। विधायक शिव अरोरा ने कहा यह लव जेहादी तेजी से पहाड़ हो या मैदान हर क्षेत्र में तेजी से पनप रहे हैं और हमारी बहन बेटियों को एक षड्यंत्र के तहत

बहला फुसलाकर उनके जीवन कोबर्बाद करने की मंशा से इस कृत्य को करने का कार्य आय दिन करते आ रहे हैं निश्चित रूप से यह जेहादी मानसिकता को देवभूमि में किसी भी हालत में पनपने नही दिया जायेगा जिसको लेकर सदन में नियम 300 के अंर्तगत इस महत्वपूर्ण विषय को रखते हुए सरकार का ध्यान इस गम्भीर विषय की ओर आकर्षित किया है कि देवभूमि उत्तराखंड को इन लव जेहादी लेड जेहादी तत्वों के कारण हो रहे जनसंख्या असंतुलन पर सरक्षण एव सवर्धन की आवश्यकता है जिसके देवभूमि की पवित्रता और संस्कृति बनी रहे। असम के बाद उत्तराखंड सबसे तेज गति से मुस्लिम आबादी बढ़ने वाला राज्य है यह एक गम्भीर चिंता के रूप में सामने आ रहा है । नजूल नीति संशोधन को लेकर विषय पर विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से नजूल रुद्रपुर क्षेत्र की सबसे गम्भीर समस्याओं में से एक है रुद्रपुर का अधिकांश भाग नजूल भूमि ही है जहाँ 30 से 40 वर्षो से नजूल भूमि पर निवासरत हजारों परिवार के लिये उनको उनकी भूमि का मालिकाना हक मिले जिसके लिये पुष्कर धामी सरकार द्वारा वर्ष 2021 में विध ानसभा में विधेयक पारित किया था जिसके अंतर्गत निर्धन लोग जिनके पास 50 वर्ग मीटर तक के भू खण्ड है उनको नि:शुल्क मालिकाना हक दिये जाने एव अन्य लोगो इससे अधिक भूखंड वालो को शुल्क के आधार पर मालिकाना हक दिये जाने उक्त विधेयक में प्रावधान थे । लेकिन विधायक ने बताया उस समय आयी नजूल नीति जो एक वर्ष के लिये आयी थी और 2022 के अंत मे समाप्त हो गयी किंतु उक्त नीति इतनी जटिलताएं थी कि उस नीति के आधार पर मात्र 3 आवेदन आये और उनको भी मालिकाना हक नही मिल सकता । पूर्व जनप्रतिनिधि की जगरूकता अभाव के चलते उस समय की नीति अपने उद्देश्य पर खरी नही उतरी जिसके चलते गरीब जनता मालिकाना हक से वंचित रह गयी। इसको लेकर विधानसभा में नजूल नीति में संशोधन किये जाने हेतु सरकार से आग्रह किया है जिससे नजूल नीति को सरल बनाया जा सके जो आम जन के हितों को पूरा करती हो जिससे आसानी से नजूल पर निवास जनता अपनी भूमि का मालिकाना हक प्राप्त कर सके। विध ायक शिव अरोरा ने कहा पुष्कर धामी सरकार उक्त विषय को गम्भीरता से ले रही है और विश्वास है आने वाले समय मे नजूल नीति संशोधन के साथ आयेगी ओर इसका सीधा लाभ हमारे गरीब निध न परिवारों को मिलेगा। नजूल पर बसे लोगो को मालिकाना हक दिलाने के लिये विध ायक शिव अरोरा वचनबद्ध है।सरकारी इंटर कालेज जिसको लेकर विधायक शिव ने कहा बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर लिखित पत्र दिया है जिसमे उन्होंने कहा कि विगत 70 वर्ष से रूद्रपुर में कोई सरकारी इंटर कालेज का निर्माण नही हुआ है हालांकि बालिका विद्यालय का निर्माण हुआ था जिसमे सिर्फ छात्राये ही शिक्षा ग्रहण करती है । विधायक शिव अरोरा ने कहा सिडकुल आने से रूद्रपुर की आबादी बहुत बढ़ गयी है और ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र घनी आबादी का क्षेत्र है इसके साथ संजय नगर ,खेड़ा, मुखर्जी नगर,जगतपुरा जैसे क्षेत्र लगते हैं जहां हजारों गरीब परिवार रहते हैं जिनकी स्थिति प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चो को पढ़ाने की नही है जिस कारण बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं इसको देखते हुए ट्रांजिट केम्प क्षेत्र के पास सरकारी इंटर कालेज निर्माण हेतु मुख्यमंत्री से वार्ता की उन्होंने बताया जिला शिक्षा विभाग द्वारा इसका प्रस्ताव बनाकर निदेशक शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया इसके निर्माण की कार्यवाही को आगे बढ़ने का कार्य जल्द किया जायेगा। निश्चित रूप से इंटर कॉलेज निर्माण से बहुत बड़े गरीब तबके को इसका सीधा लाभ मिलने वाला है। विधायक ने कहा रुद्रपुर शहर के बीचों बीच लेक पैराडाइज जो एक सुंदर पार्क रूप में विकसित हो सकता था मगर पूर्व के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते वह एक व्यक्ति को लंबे समय तक लीज पर दे दिया गया उसने नियम विरुद्ध उस लेक पैराडाइज को हफ्ता वसूली ओर अनैतिक कार्यों का केंद्र बन चुका है जिसको लेकर मुख्यमंत्री को पत्र दिया है कि इसकी लीज को नवीनीकरण न करते हुए इसको आम जन के लिये पार्क के रूप में विकसित किया जाये जो हमारे बुजुर्ग माता बच्चो के लिये एक आकर्षक का केंद्र हो । जल्द ही उमीद है लीज निरस्त का कार्य हो जाएगा और इसको एक पार्क के रूप में विकसित कर आम जन को समर्पित करेगे। अरोरा ने बताया पूरे जिले में किसी भी सरकारी अस्पताल में एम आर आई मशीन नही है जिस कारण गरीब व्यक्ति को उसको बाहर से करवाने पर कई हजारों रुपए का खर्च वाहन करना पड़ता था । जिसके लिये नियम 53 के अंतर्गत विधानसभा में इस गभीर विषय को उठाया है मुख्यमंत्री ने आश्वासन किया है जिला अस्पताल में अगले तीन माह तक करोड़ो रूपये की लागत वाली एम आर आई मशीन को स्थापित करवा दिया जायेगा जो जन हित मे गरीबो के लिये राहत देने में मददगार साबित होगी।विधायक शिव अरोरा ने एक साल पूरा होने पर कई उपलब्धियां गिनाई उन्होंने कहा कि चाहे वो डीडी चौक से गाबा चौक तक चौड़ीकरण हेतु धनराशि का जारी होना जो बहुत बड़े तबके को जाम से निजात दिलाने का कार्य करेगा। मल्टीस्टोरी पार्किंग की तो उसमें भी जमीन हस्तांतरण का कार्य पूर्ण होते हुए प्रस्ताव वित्तीय स्वीकृति हेतु जा चुका है। हाल ही में दो साल पूर्ण रुद्रपुर शहर ने देखी जल त्रासदी जिसमे पूरा रुद्रपुर जममय हो गया था पानी निकासी के स्थायी समाधान हेतु सर्वे हेतु टेंडर प्रक्रिया में है जो पानी निकासी का स्थायी समाधान निलते हुए उसका प्रस्ताव बनायेगा। मोदी मैदान जहां प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य प्रारंभ हो गया था उसको शिफ्ट करवाते हुए बागवाला ग्राम भेजा गया है और वह मैदान एक ऑडिटोरियम खेल के मैदान हेतु उसको विकसित किया जाएगा इसके लिये जल्द प्रस्ताव बनाकर देने वाले हैं, विधायक शिव अरोरा ने कहा एक साल विकास को समर्पित रहा है जिसमे बहुत बड़ी बड़ी योजना धरातल पर नजर आयेगी। जनता ने सेवा के लिये चुना है एक बेहतर रुद्रपुर की कल्पना के साथ हम दिन रात कार्य कर रहे हैं जो नये रुद्रपुर के निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा।

मजदूर की हत्या के आरोप में दो नामजद

कोर्ट के निर्देश पर घटना के लगभग नौ माह बाद हुई कार्यवाही

काशीपुर(उदसंवाददाता)। मजदूरी के बहाने धोखे से खेत पर ले जाकर एक व्यक्ति की गई हत्या के मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर घटना के दो लोगों के खिलाफ गंभीर ध ाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर चांदपुर गोपीपुरा रेलवे कॉलोनी निवासी दुर्गावती पत्नी स्वर्गीय जगदीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 की 27 जुलाई को जब उसके पति परिवार के साथ घर में मौजूद थे इसी दौरान ग्राम गोपीपुरा निवासी बाबू पुत्र खुद्दू अचानक उसके घर आया और कहने लगा कि खेत में दिहाड़ी मजदूरी करना है। वह इसके टाइम पर पैसे देगा। इस पर जगदीश कुमार ने जब यह कहा कि मजदूरी के 15 हजार रुपए उसके पहले के बकाया है तो बाबू कहने लगा कि आज वह इस रकम को भी चुकता कर देगा। यह कहते हुए वह जगदीश को अपने साथ खेत पर ले गया। दोपहर जगदीश घर खाना खाने आया और उसके बाद फिर खेत पर काम पर चला गया। शाम लगभग 5:00 बजे पप्पू उर्फ रमेश नामक व्यक्ति उसके घर आया और महिला से कहने लगा कि उसका पति झगड़ा कर रहा है अनहोनी घटित हो सकती है इतना कहते हुए वह खेत की ओर भाग गया। इसके बाद महिला अपनी पुत्री प्रियंका के साथ जब खेत पर पहुंची तो उसके पति जगदीश को रमेश व बाबू मृत हालत में रेलवे लाइन की ओर खींच कर ले जा रहे थे। शोर मचाने पर दोनों उसके पति को छोड़कर भाग गए। नजदीक जाकर देखने पर पता चला कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। पति की मृत्यु के बाद उसकी पुत्र पुत्रियां बेसहारा हो गई। घटना के दूसरे दिन विधवा द्वारा मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देने के साथ ही स्थानीय प्रतापपुर चौकी को भी शिकायती पत्र दिया गया लेकिन पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद पीड़िता ने शिकायती पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा एसपी को भी भेजा लेकिन जिले के पुलिस कप्तान ने भी मामले में सुनवाई नहीं कि अंतत: पीड़िता को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए इसी पर हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने उपरोक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

अधिकारियों ने रामचरितमानस व देवी गायन से किया नवरात्रि का किया शुभारम्भ

बागेश्वर(उद संवाददाता)।शासन से नवरात्रि 22 से 30 मार्च को नारी शक्ति उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को बागनाथ मंदिर में भजन कीर्तन के साथ ही दुर्गा स्तुति, चंडी पाठ, रामचरितमानस व देवी गायन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों, स्थानीय महिलाओं व आम जनता ने बढ-चढ का प्रतिभाग किया। 22 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्र को इस बार उत्तराखंड में नारी शक्ति उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बागनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से साथ पूजा की गयी। इस दौरान प्रसाद के साथ ही फल भी वितरित किए गए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सजंय सिंह ने कहा कि वैदिक पुराणों में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। उन्होंने इसे आत्मशुद्धि व मुक्ति का आधार बताया। कहा कि चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा उत्तराखंड के संस्कारों में देवी-संस्तुति का महत्वपूर्ण स्थान है। इसी तरह नवरात्रि में 28 मार्च को चार बजे से कोटभ्रामरी मंदिर गरूड़, 29 मार्च को 11 बजे से भगवती मंदिर कपकोट, गोलू मंदिर ऐठान व बजैण मंदिर भनार में तथा 30 मार्च को 11 बजे से कालिका मंदिर काण्डा, नौलिंग मंदिर सनगाड़ व दोपहर 12 बजे से मॉ चण्डिका मंदिर बागेश्वर में नारी शक्ति उत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, लीड बैक अधिकारी

एनआर जौहरी, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, भूमि संरक्षण अधिकारी गीतांजली बंगारी, जिला आबकारी अधि कारी मीनाक्षी टम्टा, जिला आपदा प्रबंध न अधिकारी शिखा सुयाल, मनोज कपकोटी सहित अन्य अधिकारी व स्थनीय महिलायें व आमजनता मौजूद थी।

पेज एक का शेष...

बस से कुचलकर पांच...देवी पत्नी लालता प्रसाद निवासी सौहराव थाना रामगाव बइराईच उ.प्र., 4 वर्षीय सरोज पुत्री बद्री निवासी सौहराव थाना रामगांव बहराईच उ.प्र., 5 वर्षीय राधिका पुत्री बद्री निवासी सोहराव थाना रामगांव बहराईच उ.प्र., 3 वर्षीय प्रियांसी पुत्री मोहन सिंह निवासी पिण्डा, बिल्सी बदायूं, उ.प्र., 48 वर्षीय राम सूरत पुत्र अशरफी निवासी बहराई उ.प्र. घायल हो गये। सभी का टनकपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में कुछ की हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। सूचना के बाद मेलाधिकारी एसडीएम सुंदर सिंह व सीओ अविनाश वर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना स्थल का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने घायलों के उपचार में लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिये। वहीं जिला प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने उप जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना और अफसरों को घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है।

फैचायजी दिलाने के नाम... खातो में प्राप्त की गयी थी उक्त खातों के खाताधारक की जानकारी प्राप्त की गयी व उक्त खाते का खाताधारक के सम्बन्ध में साक्ष्य एकत्रित करते हुये अभियोग में सनी कुमार वर्मा पुत्र गोपाल प्रसाद वर्मा निवासी न्यू कॉलोनी थाना मालसलामी पटना ,सूरज कुमार वर्मा पुत्र वकील प्रसाद वर्मा निवासी न्यू कॉलोनी थाना मालसलामी पटना ,सनी कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जयसवाल निवासी गुल मैया चौक सबलपुर थाना नदी मोजीपुर पटना ,चन्दन कुमार उर्फ विकास पुत्र रामबाबू शाह निवासी जमुनापुर चाईटोली पटना को पटना बिहार से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 4 मोबाईल फोन , 12 सिम कार्ड, 2 डेबिट कार्ड, 2 आधार कार्ड व 1 पेन कार्ड बरामद किये गये । पकड़े गए आरोपी गैंग के रूप में कार्य कर नामी गिरामी कम्पनियों की फर्जी वैबसाईट बनाकर सम्पूर्ण भारत के भिन्न-भिन्न राज्यों से ऑनलाईन आवेदन करने वाले व्यक्तियों से सम्पर्क कर स्वंय को कम्पनी का कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर बताकर आवेदन स्वीकर करने की बात कहते हुए आवेदन की फीस प्राप्त करना तत्पश्चात हैड ऑफ वैरिफिकेशन टीम बनकर वैरीफिकेशन कराने की बात कहते हुए वैरिफिकेशन की फीस प्राप्त करना इसी तरह कम्पनी में रजिस्ट्रेशन, एनओसी तथा लाईसेन्स फीस आदि के नाम पर धोखाधड़ी से भिन्न-भिन्न लेन देन के माध्यम से धनराशि प्राप्त करना व धोखाधडी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैक खातो में प्राप्त कर उक्त धनराशि का प्रयोग करते है । अभियुक्तगणो द्वारा उक्त कार्य हेतु फर्जी सिम, आईडी कार्ड तथा फर्जी खातों का प्रयोग कर अपराध कारित किया जाता है । प्रभारी एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड श्री आयुष अग्रवाल महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के लोक लुभावने अवसरो/फर्जी साइट/धनराशि दोगुना करने व टिकट बुक करने वाले अंनजान अवसरो के प्रलोभन में न आयें । किसी भी प्रकार के ऑनलाईन कम्पनी की फ्रैन्चाईजी को बुक कराने से पूर्व उक्त साईट का पूर्ण वैरीफिकेशन स्थानीय बैंक, सम्बन्धित कम्पनी आदि से भलीं भांति इसकी जांच पड़ताल अवश्य करा लें।

लूट के मामले में ...कुमार सैनी ने बताया कि ग्राम ऐराडी बिष्ट जिला अल्मोड़ा निवासी मोहन सिंह रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुंदन वाली गली में प्रभात इलेक्ट्रॉनिक्स के समीप दो व्यक्तियों द्वारा उनका बैग छीन लिया गया बैग में उनके एटीएम कार्ड के अलावा अन्य कागजात भी मौजूद थे कोतवाल ने बताया कि आरोपियों द्वारा मोहन सिंह के एटीएम से 5 हजार रुपए की नकदी भी निकाली गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी तथा कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस रूट में अमन सिद्दीकी निवासी ईदगाह रोड खताडी, सौरव लाल निवासी बाल्मीकि बस्ती मोहल्ला खताडी,फराज खान निवासी ग्राम मल्ला बेडाझाल और बाल्मीकि बस्ती खताडी निवासी गौरव भारती को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया बैग एवं बैग में रखी सभी सामग्री के अलावा एटीएम से निकाली गई 5 हजार रुपए की धनराशि भी बरामद की गई उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

दबंगों ने घर में ..कर दिया।वह जब घर पर पहुंची तो आरोपियों ने फायर झोंक दिया, जिसमें वह बाल बाल बची। उसने तत्काल 112 पर फोन करके पुलिस से मदद मांगी। सूचना पर पुलिस को आते देख ही आरोपी हथियारों के साथ फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। कोतवाल विक्रम सिंह राठौर ने बताया कि मामले में धर्मवीर पुत्र बाबू राम की तहरीर के आधार पर बंटी, अजय, कृष्ण, सोनू, मोनू, पुत्रगण महावीर , एवं कमलेश पत्नी महावीर और मोहित व अन्य तीन चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

शुगर मिल में आग...एसएसओ महेश चन्द्र के अलावा रमेश चन्द्र,अमरीश कुमार, संदीप कुमार, गोपाल प्रसाद,बालम सिंह, जीवन चन्द्र, बिजेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि शामिल थे। आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

ग्राम प्रधान रिश्वत लेते...शिकायकर्ता ने प्रधान को छह हजार रिश्वत दी तभी विजिलेंस टीम ने प्रधान को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम में निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी, हेड कांस्टेबल दीप जोशी, हेड कांस्टेबल ममता तिवारी, कांस्टेल दीपा टम्टा, गिरीश जोशी आदि शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

कोविड चिकित्सा कर्मियों का धरना जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल

में लगे कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। कोविड कर्मचारियों का कहना है कि जब तक शासन प्रशासन से कोई अपेक्षित जबाब नही आता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अगर शासन प्रशासन द्वारा जल्दी से जल्दी कोविड में रखे कर्मचारियों के बारे सुध नही ली गई तो पूरे प्रदेश में लगे 1600 कर्मचारी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। कोविड कर्मचारियों का कहना है कि सरकार 6 माह की बात कर कर्मचारियों के साथ इस तरह का घिनोना मजाक ना करे। उन्होंने कहा सरकार तब तक इन कर्मचारियों को पदों के सापेक्ष रखे जब तक उन पदों पर सीधी भर्ती ना हो जाय। उन सीधी भर्ती में भी कोविड कर्मचारियों को वरीयता दी जाय। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश रावत, अध्यक्ष मंजुल राणा, कोषाध्यक्ष विनोद पांडे, सचिव योगेश बिष्ट, मीडिया प्रभारी संजय पांडे, राहुल आर्या, पंकज राणा, महेश आर्य, नवीन बेलवाल, महेश, मनीषा, ज्योति, नेहा मेर, कुमुद, अंकित यादव, भावना आर्य, कविता शर्मा, संध्या, अनीता, राधा आदि लोग मौजूद थे।

माता की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नवरात्र के उपलक्ष्य में शहर के पांच मंदिर में माता की चौकी का सिलसिला शुरू हो गया है। पहले दिन चौकी में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर माता का गुणगान सुना। माता की चौकी का शुभारम्भ जगदीश ठुकराल के परिवार द्वारा किया गया। प्रसाद वितरण राधे श्याम ग्रोवर,चेतन ग्रोवर, ओम कालरा, चिराग कालरा,, अंशुल ठुकराल, द्वारा किया गया। गणेश वंदना के साथ भजनों की शुरूआत हुयी। दिल्ली से आये भजन गायक संजय चावला ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने माता के भवन में फूलों वाली वर्षा, सारे तीरथ धाम आपके चरणों में, आये माता जी त्वाडा मंदिर सजाने, जोत जलाकर करके घर में., दसों मेरी मां मेरे नाल क्यों नहीं बोलदी, तेरे आगे लाज मुझे आती नहीं मांगने की आदत जाती नहीं, लाटा वाली ज्योता वालीयां, बैठी भवन ते मैंनू रात नू नींद आवे...आदि भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मुलखराज ठुकराल, बनासी दास ठुकराल, सुधीर अरोरा, विजय विरमानी, पवन गाबा, संजय ठुकराल, सोनू अनेजा, राजेश चांदना, राजेश जग्गा, सुरेन्द्र मिड्डा, महेश बब्बर, सुनील ठुकराल, जुगनू अरोरा, ओम प्रकाश अरोरा, सुशील अरोरा, कंचन ठुकराल, शुभम ठुकराल, नैना ठुकराल, अजय बंसल, सुषमा बंसल, प्रवेश साहनी, अशोक कालरा, सुमित बब्बर, विक्की मुंजाल, बॉबी अरोरा, मनोज अरोरा, शिवम जग्गा, मन्नू जग्गा, अजय चड्डा, साक्षी ग्रोवर, अक्षय गाबा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, विजय फुटेला, रानो छाबड़ा, डिम्पल गाबा आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

शिव मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर स्थित शिव मन्दिर में नवरात्रि के अवसर माँ दुर्गा जी की प्रतिमा की बड़े धूमधाम के साथ स्थापना की गई। इस दौरान श्रद्धालु विभिन्न गालियों में शोभायात्रा के रूप में माता की प्रतिमा को बैंड बाजों के साथ भक्त नाचते गाते हुये शिव मन्दिर पहुँचे। जहाँ पण्डित अशोक पांडे ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ प्रतिमा स्थापना कराई। मुख्य यजमान हेमन्त साहू थेकार्यक्रम सयोजक अशोक पांडे ने बताया आज से मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमे स्थानीय बच्चे भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। शोभायात्रा में मुख्य रूप से कृष्णा पांडे, हितेश शर्मा, योगेश शर्मा, प्रीती आर्या, किरन माहेश्वरी, मनोज कुमार, नितेश कश्यप, सोनू जायसवाल व दीपक प्रजापति आदि थे।

स्मैक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना बनभूलपुरा की एंटी ड्रग टास्क फोर्स टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शराफत कबाड़ी की दुकान के पास रेलवे स्टेशन के नजदीक एक स्मैक तस्कर हर्षदीप सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी कपिल भवन मल्ला काठगोदाम को कुल 7.5 ग्राम अवैध स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उनि शंकर नयाल, कानि. अमनदीप सिंह व राजा गौतम शामिल थे।

मां हंसेश्वरी भारती जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वैष्णो देवी मंदिर श्री वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्थान) आदर्श कालोनी में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ को विगत सायं विश्राम देने के पश्चात भजन- प्रवचनों का प्रवाह शुरू हुआ। सभी श्रद्धालु कीर्तन और महात्माओं के प्रवचनों को सुनकर कृतार्थ हुए। मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज के जन्मोत्सव पर तुलसी धाम माला गिरधारपुर से स्वामी राजेन्द्र जी महाराज तथा श्री हरिधाम बाला जी मंदिर शारदा कॉलोनी के महन्त श्री मनीष सल्लूजा जी महाराज तथा अनंत प्रेम आश्रम नंगली कुटिया से संत श्री प्रेम निष्ठानन्द जी महाराज पहुंचे तथा देवी जी को माल्यार्पण कर जन्मदिन की बधाई दी। संगत को अपने आशीवचनों व भजनों से भाव विभोर कर दिया। स्वामी श्री राजेन्द्र जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि भगवान के धाम में शिकायत नही, सेवा करें तथा अपने बच्चों को अच्छे संसकार दें। उन्हें पैसे बनाने की मशीन न बनाये। बाला जी मंदिर के महंत श्री मनीष सलूजा जी ने अपने भजनों से समा बांध दिया और अपने भजनों पर संगत को नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं निष्ठानन्द जी महाराज (बाईजी) ने अपने प्रवचनों से से संगत को निहाल किया और सभी ने देवी जी का जन्मोत्सव नाच-गाकर बड़ी धूम धाम से मनाया। इस पावन अवसर पर मां वैष्णो देवी मंदिर पर वैष्णो भजन मण्डल के सरपरस्त श्याम खुराना, मदन कक्कड़, अरविद मिश्रा, शम्मी अरोरा, राजेश आनंन्द, एडवोकेट नरेश छाबड़ा, सुरेश मदान, संजय ठुकराल, एडवोकेट राजीव ग्रोवर, हरीश अरोरा, पवन गावा पल्ली, अशोक कालड़ा, प्रेम अरोरा, नीटू घई, लक्ष्य शर्मा, रमन गुम्बर कपिल डच्यू, सतनाम सिंह पप्पू, गौरव गुम्बर, जिगर गुम्बर, मोना, सीमा राजदेव, अजु खुराना, सोना खुराना, आरती घई, जया आनन्द, प्रीति ग्रोवर, सुनीता अरोरा, कंचन कौर, कमल गुम्बर, गगन गुम्बर, निर्मला आनन्द विम्मी ठुकराल, व अन्य लोगों ने भी मंदिर पर पहुंच कर देवीजी को जन्म दिन की बधाई दी।

संस्कार भारती ने धूमधाम से किया हिंदू नव वर्ष का स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संस्कार भारती ने हर्षोल्लासपूर्ण से चैत्रशुक्ल प्रतिपदा 2080 हिन्दू नव वर्ष पूरे नगर में मनाया। इस कार्यक्रम की संयोजक विमला रानी रहीं, उनके दिशा निर्देशन में भगत सिंह चौक पर संस्कार भारती एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों और नगर के प्रतिष्ठित लोग एकत्रित हुए और उन्होंने एक दूसरे को तिलक लगाकर हिन्दू नर्व वर्ष की शुभकामनांए दीं, सभी ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमने को विवश हो गये। भगत सिंह चौक से बाटा चौक तक सभी नाचते गाते लोगो को हिन्दू नव वर्ष की बधाई देते हुए निकले एवं सभी दुकानदार भाईयों को तिलक लगाकर हिन्दू नर्व वर्ष की शुभकामनांए देते रहे, पूरा बाजार भगवाध्वज और नव वर्ष के वातावरण में सरावोर हो गया। इस अवसर पर प्रांत सम्पर्क प्रमुख युगराज रघुवंशी, प्रांत मंत्री विमल मेहरा, नगर संयोजक विमला रानी ने बताया कि संस्कार भारती हर वर्ष हिन्दू नव वर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को बड़े हर्षोउल्लास से मनाती है। इस समय हमारी प्रकृति और धरती मां नये नये परिधान धारण कर सबको नये वर्ष के आगामन का संदेश देती है। इस अवसर पर सामाजसेवी संजय ठुकराल व संरक्षक कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अशोक मित्तल, कोषाध्यक्ष सीए जय प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, अशोक सागर, नरेन्द्र बंसल, अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, महामंत्री शैली बंसल, संरक्षक सुषमा अग्रवाल ने सभी को शुभकामनांए प्रेषित कीं। कार्यक्रम जौली कक्कड़, मोनिका अरोरा, दीपा जोशी, अलका विश्नोई, कृष्णा रघुवंशी, रशमी रस्तोगी, आशा मुंजाल, अमित जैन, अंकित चांदना, मोहिनी ग्रोवर, श्याम मोहन काण्डपाल, चन्द्रपाल चौहान, स्वेता कार्की, मोती प्रसाद साहू, रामरतन सिंह, रतन कुश्वाहा, राजेन्द्र राणा, नीलकण्ठ राणा, विहिप के नगर मंत्री जोगेन्द्र, जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुल्तान सिंह, हैप्पी चौहान, मुकेश चौहान, वैभव सोलंकी, सुनील सिघंल, विकास डागर आदि लोग मौजूद थे।